हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 24 अप्रैल 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री


12 चुनावी तैयारियों का करें पुनः निरीक्षण : कलेक्टर





11 श्रद्धा से मना संकटमोचन हनुमान का जन्मोत्सव




## खबर संक्षेप

### महिला हुई चैन स्नैचिंग की शिकार

**डौंडीलोहारा।** नगर में घर के सामने बैठी महिला के गले से चैन स्नेचिंग का मामला सामने आया है। घटना 20 अप्रैल की रात्रि लगभग आठ बजे की है, जब राजापारा वार्ड नं 10 निवासी चंदरबाई कोसमा 55 वर्ष अपने घर के सामने बैठी हुई थी। कि अचानक से कोई लड़का आया और उसके गले से चैन खींचकर भाग गया। चैन की अनुमानित कीमत लगभग 10 हजार बताई जा रही है। इसके बाद महिला ने इसकी जानकारी अपने घरवालों को दी। टीआई एलपी जायसवाल ने बताया कि घटना की सूचना दो दिन बाद 22 अप्रैल को दी गई है। पुलिस के द्वारा आवश्यक तस्दीक आदि की कार्यवाही की जा रही है।

### गर्भवती गाय को वाहन ने मारी ठोकर मौत

**बालोद।** तेज रफ्तार वाहन मेटाडोर ने सड़क पर चल रही एक गर्भवती गाय को ठोकर मार दिया। इस घटना में गर्भवती गाय का पेट फट गया, व गर्भ के अंदर से एक बछड़े ने जन्म लिया। जिसे मामूली चोटें आई हैं, जिसे गौरक्षक की टीम ने गौशाला में सुरक्षित रखा हैं। जबकि इस हादसे में गाय की मौत हो गई है। घटना शहर के गंजपारा में नेशनल हाईवे 930 की है। घटना के बाद बाद पुलिस ने गाड़ी को जब्त किया है, वहीं मृत गाय का अंतिम संस्कार गौरक्षक टीम के सदस्यों ने किया। आपको बता दें कि सड़क पर आवारा पशु गायों के जमावड़े से सड़क दुर्घटना अक्सर होती रहती है और दुर्घटनाओं में गायों को जान गंवानी पड़ती है।

### दुकान का ताला व शटर तोड़ने की कोशिश

**बालोद/कलंगपुर।** स्थानीय कलंगपुर बस स्टैंड के समीप मुख्य मार्ग से लगे सिन्हा हार्डवेयर की दुकान में सोमवार की रात कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा चोरी की मकसद से दुकान में लगे शटर का ताला को तोड़ने का प्रयास किया गया। साथ ही शटर के नीचे ईंट पत्थर एवं राड डाल कर शटर को तोड़ने की कोशिश की गई। दुकान मालिक लेखराम सिन्हा ने बताया कि मंगलवार की सुबह 6 बजे जब दुकान खोलने के लिए पहुंचे, तब घटना की जानकारी हुई।

### आज शाम से 26 तक बंद रहेंगी शराब दुकानें

**बालोद।** अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग नवा रायपुर के निर्देशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदान के अवसर पर शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के लिए 24 से 26 अप्रैल तक शुष्क दिवस घोषित किया है। कौशिक ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 24 की उपधारा(1) के अंतर्गत जिले में 24 अप्रैल को शाम 6 बजे से 26 अप्रैल तक समस्त देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान एवं विदेशी मदिरा दुकान पूर्णतः बंद रखने के आदेश जारी किए हैं।

**हनुमान जन्मोत्सव :** नगर के साथ ग्रामीण अंचलों में श्री हनुमान जन्मोत्सव की धूम

# नगर में निकाली भव्य शोभायात्रा, हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का किया पाठ







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

हनुमान जन्मोत्सव पर नगर के विभिन्न हनुमान मंदिर में विविध आयोजन हुआ। जहां पर श्रद्धालुओं ने जहां सुबह से ही भगवान हनुमान का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। हनुमान मंदिर में सुबह से लेकर शाम तक कार्यक्रम होता रहा। घड़ी चौक में स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में सुबह से ही अखंड रामायण पाठ हुआ और 11 बजे से महाप्रसादी का वितरण किया गया। इसके साथ ही राम नाम पुस्तक का भी वितरण किया गया। शाम 5:30 बजे से हनुमान चालीसा का पाठ एवं सुंदरकांड का पाठ किया गया। इसी तरह बाजारपारा स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में भी सुबह से लेकर शाम तक कई कार्यक्रम हुआ। जबकि लोक निर्माण विभाग कार्यालय के सामने स्थित बजरंगबली मंदिर, प्रताप चौक में दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना हवन के साथ आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। पुरोहित गली वार्ड नंबर 20 में स्थित हनुमान मंदिर में मंत्रोच्चारण के साथ श्रद्धालुओं ने हवन किया और आरती की। तदुपरांत प्रसाद वितरण किया गया। नया बस स्टैंड के पास हनुमान मंदिर सहित गंजपारा बाबा रामदेव शिव सिद्ध हनुमान मंदिर में प्रतिवर्ष की तरह हनुमान जयंती मनाया गया। जिसमें महेश्वरी समाज एवं वार्डवासी, नगरवासी उपस्थित होकर भगवान हनुमान जी का दुग्ध अभिषेक, हनुमान जी के सहस्त्र नाम, सुंदरकांड का पाठ किया।

- शहर में जगह-जगह धार्मिक आयोजन के साथ हुआ भंडारा

**अंचल में श्रद्धा व उत्साह से मनाया गया भगवान हनुमान का जन्मोत्सव**

## संकटमोचन की भक्ति में डूबे नगरवासी मंदिरों में हवन-पूजन के बाद बंटी प्रसादी





**बेरला।** ब्लॉक मुख्यालय बेरला सहित प्रदेश के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में भगवान हनुमान का जन्मोत्सव श्रद्धा व उत्साह से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

ग्राम की गलियों व नगर के विभिन्न मार्गों से निकाली गई शोभायात्रा में श्रद्धालु श्रीराम व हनुमान के जयघोष लगाते हुए निकले। उसके बाद शोभायात्रा भ्रमण कर मंदिर पहुंची, जहां समापन हुआ। उसके बाद मंदिर में विराजे हनुमान की पूजा-आरती की गई। वहीं, सभी हनुमान मंदिरों में सुबह से विधिविधान से पूजन व अभिषेक हवन हुआ। हनुमान जयंती पर नगर सहित ग्रामीण में उत्सव काफी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ राम धुन, सुंदरकांड, भजन-कीर्तन होते रहे। उसके बाद हनुमान भक्तों ने प्रसादी व गन्ने की जूस, रसना, पुड़ी, चने, हलवा, खीर, केला, अंगूर, पपीता, कलिंदर जैसे फल का प्रसाद वितरण किया, जिन्हें भक्तों ने बड़ी आनंद की साथ ग्रहण किया।

- हनुमान मंदिरों में हवन-पूजन के साथ ही भंडारा का किया गया आयोजन

### ग्रामीण अंचलों में भी हुए विविध आयोजन

गौरतलब है कि हनुमान जयंती ब्लॉक बेरला सहित ग्राम परपोड़ा, मनियारी, सिंघौरी, मोहभट्ठा, सलधा, खम्हरिया एम, सिलघट, पतोरा, भिंभौरी, बारगांव, कुसमी, चंडी, सांकरा, सरदा, कोदवा, देवरबीजा, घोटमर्रा, भेड़नी आदि ग्रामीण अंचल में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। हनुमान जनमोत्सव के शुभ अवसर पर ग्राम पंचायत परपोड़ा में बजरंग दल युवा समिति द्वारा हनुमान जी की पूजा अर्चना की साथ ही महाप्रसादी वितरण किया गया। रात्रि में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गायक खिलेश यादव की प्रस्तुति के साथ प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में भुनेश्वर साहू, रुमेश्वर साहू, होरी साहू, हेमंत साहू, दानी साहू, गुलशन मानिकपुरी, रामरतन, राजेश, अर्जुन निषाद, दुष्यन्त साहू, सूरज निषाद, कांता, शिव साहू, युगल साहू, सूरज, तरुण, राजेन्द्र, ज्ञानेश्वर साहू, दिनेश मंडल, बीरेंद्र लोधी का विशेष योगदान रहा।

### जयघोष के साथ निकली शोभायात्रा

बाजार पर स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर सहित अंचल में हनुमान जन्मउत्सव पर विभिन्न क्षेत्रों में शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शहर में भी शोभायात्रा का निकाली गई जो विभिन्न मार्गो से गुजर कर बाजार पर स्थित हनुमान मंदिर पहुंची। इस दौरान रास्ते पर हनुमान भक्त डीजे के भक्तिमय धुन में थिरकते और संकट मोचन के जयकारा लगाते रहे। इसके अलावा जगह-जगह भंडारे और शरबत युवाओं की टोली व भक्त आमजनों को वितरित किया गया।

### राम भक्त समिति ने किया भंडारा का आयोजन

हनुमान जन्मोत्सव पर श्री राम भक्त समिति ने प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी जिला मुख्यालय स्थिति राम मंदिर प्रांगण में प्रातः हनुमान जी के पूजा-अर्चना के पश्चात भंडारा का आयोजन किया। जिसमें नगर के सभी श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में प्रसादी प्राप्त किए। इस दौरान समिति के पीयूष शर्मा, शिवम दीवान, आकाश सलूजा, गौरव दागा, आयुष साहू,सत्यम शर्मा, ऋत्विक तिवारी, भानुप्रताप साहू, जय मेघवानी ,जतिन मेघवानी, बादल जोशी, शिवम साहू, राहुल साहू, मनीष साहू, चेतन सिन्हा, सिद्धांत तिवारी, विनय पटेल, कोमल देवांगन, राहुल साहू, प्रांजल पाटिल, विकास साहू, हिमांशु साहू, हैप्पी महेश्वरी, शुभम साहू, वैभव तिवारी, अतुल मुंद्रा, राहुल डांगरा, श्री लखोटिया, राहुल चांडक, सौम्य साहू, अंजली शर्मा, अपूर्वा सोनी उपस्थिति रहे।

# गृहमंत्री अमित शाह का 26 को नगर आगमन, लेंगे सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लोकसभा चुनावी मैदान में भाजपा के पक्ष में प्रचार करने देश के गृहमंत्री अमित शाह 26 अप्रैल को जिला मुख्यालय में भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के समर्थन मांगने एक जनसभा को संबोधित करेंगे। जिले में पहली बार श्री शाह का आगमन होने से भाजपा कार्यकर्ता उत्साहित है और सभा को सफल बनाने तैयारी शुरू हो गई है। वहीं कांग्रेस ने भी कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए प्रियंका गांधी का नाम प्रस्तावित किया है। कांग्रेसजनों का कहना है कि श्रीमती गांधी इस माह के अंतिम दिन या फिर 1 या 2 मई में आ सकती हैं। इधर प्रियंका गांधी के नाम प्रस्तावित होने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भी उत्साह का माहौल है। बहरहाल जिले में कांग्रेस-भाजपा के मध्य ही फैसला होना है और दोनों ही दल लोकसभा की सीट अपने-अपने पक्ष में करने जोर शोर से जुट गए हैं। हालांकि भीषण गर्मी और शादी-विवाह का मुहूर्त होने के चलते मतदाता वर्तमान में चुनावी रण में हिस्सेदारी नहीं निभा पा रहे हैं और 26 अप्रैल को शादी विवाह का अंतिम मुहूर्त होने के बाद नेताओं की टोली भी मतदाताओं के बीच पहुंचकर अपने पक्ष में मतदान करने के लिए जोर लगाएंगे।

- विशाल जनसभा को करेंगे संबोधित
- कांग्रेस का प्रचार करने माहांत तक आ सकती हैं प्रियंका गांधी





### बेसिक स्कूल मैदान में होगी गृहमंत्री शाह की सभा

गृहमंत्री अमित शाह की की जनसभा बेसिक स्कूल मैदान में होना प्रस्तावित है।जनसभा की तैयारी का जायजा लेने मंगलवार दोपहर दुर्ग लोकसभा के सहप्रभारी भाजपा नेता राजीव अग्रवाल, संजय बघेल, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद शर्मा, नरेंद वर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, हर्ष तिवारी, राकेश मोहन शर्मा, अजय तिवारी, मोटी साहू ,नीलु राजपूत एवं बेमेतरा कार्यालय के चुनाव प्रभारी राजीव चौबे, राकेश किचारिया की मौजूदगी में भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने मैदान की क्षमता और सभा की रूपरेखा का निरीक्षण किया गया।

### शाह की सभा में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी भी होंगे शामिल

गृहमंत्री अमित शाह की जिला मुख्यालय में होने वाली विशाल जनसभा को लेकर आज 24 अप्रैल की शाम भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं कार्यक्रम प्रभारी संजय श्रीवास्तव और पूर्व मंत्री विधायक राजेश मूरत शहर पहुंचेंगे। प्रदेश संगठन के उक्त नेताओं के द्वारा स्थानीय संगठन और कार्यकर्ताओं के बीच बैठक लेकर जनसभा की तैयारी की समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही जनसभा के स्थान तथा प्रदेश संगठन द्वारा तय किए गए मापदंडों को बारीकी से जिले के संगठन वालों के समक्ष रखते हुए इस आधार पर जनसभा की तैयारी करने का निर्देश देंगे।

# पृथ्वी को स्वस्थ व हरा-भरा बनाए रखने ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं




**बेमेतरा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आदेशानुसार तथा अध्यक्ष व जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन पर व निधि शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के निर्देशन पर अमोरा एवं बेरला रोड, कोबिया बेमेतरा में 22 अप्रैल पृथ्वी दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोगों को पृथ्वी की सुन्दरता बनाये रखने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। अपने जीवन में प्रकृति से अनुकूल सीखें। अपनी आदतों में थोड़ा सा बदलाव करके हम प्रकृति को अनुकूल बना सकते है। पृथ्वी दिवस मनाना तभी सार्थक होगा जब हम पृथ्वी को अपना घर समझकर उसे संवारने का प्रयत्न करेंगे। हम सब की जिम्मेदारी है कि हम हरियाली को बचाएं, तभी ओजोन परत को सुरक्षित रखा जा सकता है। प्रकृति को बचाने का अर्थ है स्वयं को बचाना। उक्त शिविर पर लोगों से आग्रह किया कि अपने जन्मदिन पर पेड़ पौधे लगाएं एवं अपने मित्रजनों को उपहार स्वरूप पौधे देने का प्रचलन शुरू किया जाना चाहिए। इसके साथ ही नालसा व सालसा द्वारा संचालित कानूनी नियमों एवं निःशुल्क कानूनी सहायता की जानकारी प्रदान किया गया। उक्त शिविर पर पैरालीगल वॉलिंटियर्स पवन कुमार साहू, टुवेन्द्र सिंह वर्मा, देवेन्द्र यादव, पंकज घृतलहरे, स्वाति कुजांम उपस्थित रहें।

**चेतना विकास मूल्य शिक्षा शिविर का हुआ समापन**

# युवा अपनी ऊर्जा समाज-राष्ट्र निर्माण में लगाएं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सर्वतोमुखी समाधान शिक्षा संस्कार समिति द्वारा संचालित समाधान महाविद्यालय में चेतना विकास मूल्य शिक्षा शिविर का समापन हुआ । यह छः दिवसीय शिविर बीएड, डिग्री एवं आईटीआई के विद्यार्थियों हेतु आयोजित था। इस शिविर में मानव के जीने के पांचो आयाम के ऊपर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई एवं मानव में व्यवस्था, परिवार में व्यवस्था, समाज में व्यवस्था, प्रकृति में व्यवस्था, अस्तित्व में व्यवस्था पर व्यापक चर्चा हुई ।

**समय का करें सदुपयोग :** समापन अवसर पर उपस्थित, जिले के कलेक्टर रणवीर शर्मा ने कहा कि हमें समय का सदुपयोग करना चाहिए व शरीर को स्वस्थ रखना चाहिए एवं युवाओं के पास जो एनर्जी है उसे व्यवस्थित दिशा में लगाना चाहिए ताकि समाज एवं राष्ट्र का निर्माण हो सके। इसके साथ-साथ शिक्षक को समझदार होने की बात कही । वहीं जिले के पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी दार्शनिकों ने अपने अंदर झांकने के बाद समाज को एक दर्शन दिया जब तक हम अपने अंदर नहीं झांकेंगे तब तक हम उस सत्य का साक्षात्कार नहीं कर पाएंगे । जब तक सत्य स्पष्ट नहीं होगा हम परिवार में समझदारी पूर्वक जी नहीं पाएंगे। मानवतीर्थ संस्थान किरीतपुर से आये डॉ. साधन भट्टाचार्य जी ने बताया कि आज का युवा ऊर्जा से भरा हुआ है, केवल दिनचर्या का व्यवस्थित होना आवश्यक है जिसके लिए स्वास्थ्य का उत्तम होना जरूरी है तभी जीवन का आनंद लिया जा सकता है। उन्होंने दर्शन के प्रणेता श्रद्धेय ए. नागराज के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किया ।




### छात्रों ने सुनाएं अपने अनुभव

बीएड के छात्राध्यापिका रेवती साहू ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया मैंने खुद को जांचने का काम किया है तो मैने पाया कि मैं और शरीर संयुक्त साकार रूप हूं और शरीर ही आवश्यकताओं के साथ मूल्य की भी आवश्यकता है। वहीं छात्र सिद्धांत डोंडे ने बताया कि भौतिक सुविधा को ही सुख मानता था। इस शिविर से स्वयं के जीने का प्रयोजन समझ में आया है। शुभम सोनी कहते है कि बचपन से ही उच्च शैक्षिक उपलब्धि के बावजूद भी मेरे जीवन में एक अधूरापन था शिविर से ऐसा लगता है वह अधूरापन दूर हो सकता है। नीलम साहू एवं श्रद्धा राजपूत ने बताया कि स्वयं पर ध्यान गया है एवं परिवार में मूल्य की आवश्यकता एवं संबंधों के लिए समझदारी के प्रति ध्यान गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष डॉ. अलका तिवारी, सचिव डॉ. अवधेश पटेल, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल एवं सृजन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर, प्राचार्य एवं अध्यापक सहित समाधान महाविद्यालय के समस्त सहा. प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


**पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### आज व्यय प्रेक्षक लेंगे प्रशिक्षण

**दुर्ग।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक के द्वारा 23 अप्रैल 2024 को दोपहर 12 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष दुर्ग में निर्वाचन व्यय अनवीक्षण (ईईएम) के संबंध में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यार्थियों हेतु प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। उक्त बैठक में विधिमान्य अभ्यर्थियों को उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है। वही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक के द्वारा 23 अप्रैल 2024 को प्रातः 11 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष दुर्ग में आदर्श आचरण संहिता के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया है। उक्त बैठक में विधिमान्य अभ्यर्थियों को उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

### बिजली टावर में चढ़कर अधेड ने लगाई फांसी

**भिलाई।** एक अधेड ने बिजली टावर में चढ़कर फांसी लगा लिया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। परिजनों ने सुबह शव को लटकते देखा।जामुल पुलिस ने बताया कि एसीसी चौक जामुल निवासी आत्माराम निषाद 48 वर्ष बिजली टावर में चढ़कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्माराम घर में बिना बताए निकला था। मृतक हमाली का काम करता था। देर शाम तक आत्माराम घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश करना शुरु कर दिया। सुबह तक घर ना लौटने पर परिजन जामुल थाने में शिकायत करने पहुचने वाले ही थे कि उन्हें जानकारी मिली की किसी ने टावर में चढ़कर आत्महत्या किया है। जिसे देखने टावर के पास परिजन पहुचे टावर पर लटकी लाश आत्मराम निषाद की निकली। लाश को देख परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शव को टावर से पुलिस ने नीचे उतारा और उसे पीएम के लिए भेज दिया। मृतक आत्माराम के दो बेटे और एक बेटी है। दोनों बेटे निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। परिजनों के मुताबिक कुछ माह पूर्व सड़क हादसे में पैर टूट गया था। वे चल फिर नहीं पाते थे। ऐसी हालत में आत्माराम टावर पर कैसे चढ़ा और फांसी लगा ली। संदिग्ध प्रतीत हो रहा है।

# ईव्हीएम और वीवीपैट कमीशनिंग के लिए दिया गया प्रशिक्षण

## मशीनों के तकनीकी पहलुओं को समझाया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में आज लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 07 दुर्ग अंतर्गत विधानसभा 62-पाटन, 63-दुर्ग ग्रामीण, 64-दुर्ग शहर, 65-भिलाई नगर, 66-वैशाली नगर, एवं 67-अहिवारा के उपयोग होने वाले ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों की कमीशनिंग तथा माकपोल कार्य के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी महाविद्यालय (बी.आई.टी.) दुर्ग में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बताया गया कि कमीशनिंग का मतलब है, मशीन को मतदान के लिए तैयार करना। इसमें वीवीपैट में पर्चियों के विवरण प्री फीड करना, पेपर रोल लगाना, बीयू में मतपत्र सेट करना और मतदान के लिए बटनों को उपलब्ध कराना, सीयू में अभ्यर्थियों की संख्या



निर्धारित करना, सील करना इत्यादि के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके साथ ही ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों के तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया गया। ईव्हीएम एवं वीवीपैट कमिशनिंग कार्य बहुत जिम्मेदारी वाला कार्य है। इसमें न केवल मशीन को मतदान के लिए तैयार किया जाता है, वरन इसे समुचित तरीके से सील भी किया जाता है ताकि किसी छेड़छाड़ की आशंका को समाप्त किया जा सके। निर्वाचन कार्य के अबाधित एवं सुचारू रूप से संपादन के लिए कमीशनिंग कार्य का पूर्ण गुणवत्तापूर्वक किया जाना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को कमीशनिंग के दौरान उचित ढंग से सिलिंग करने कहा। कमीशनिग का कार्य महत्वपूर्ण और संवेदनशील है। इसे गंभीरतापूर्वक करने की आवश्यकता है। टीम भावना के साथ समय का अनुपालन करते हुए कार्य सुनिश्चत करेंगे। प्रत्येक मशीन के लिए चेक लिस्ट उपलब्ध कराया जाएगा।

ईव्हीएम एवं वीवीपैट कमीशनिंग में बताया गया कि मॉकपोल के पूर्व ईवीएम और वीवीपैट का संयोजन और मॉकपोल का संचालन, मॉकपोल के पूर्व बीयू, सीयू और वीवीपैट का संयोजन, मतदान प्रारंभ करने के पूर्व ईवीएम तथा वीवीपैट को क्लियर करने के संबंध में जानकारी दी गई। मॉकपोल के पूर्ण होने के उपरांत मतदान प्रारंभ करने के पूर्व कन्ट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट को सावधानीपूर्वक सीलबंद करने के संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों की तकनीकी जानकारी और मतदान प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया कि ईव्हीएम के सभी भागों-सीयू, बीयू, वीवीपैट का पूरे सेट का एक साथ कमीशनिंग किया जाएगा। प्रत्येक सीयू में दो एड्रेस टैग, प्रत्येक बीयू में एक मतपत्र, तीन एड्रेस टैग और एक पेयर पिंक पेपर सील, प्रत्येक वीवीपैट में दो एड्रेस टैग, ट्वीन धागा, चपड़े, सामग्री की आवश्यकता होगी। कमीशनिंग के लिए शुरूआत वीवीपैट से करना है। ईव्हीएम का कंट्रोल यूनिट बेहद संवेदनशील भाग है।

## नहीं कराने पर ठेकेदारों से बीमा व मुआवजे की भरपाई की दी चेतावनी

# बीएसपी में आठ हजार मजदूरों का अभी तक नहीं हुआ दुर्घटना बीमा

## बीडब्ल्यूयू ने सभी मजदूरों का दस लाख बीमा कराने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में काम करने वाले सभी ठेकेदारों का दुर्घटना बीमा कराने के लिए बीएसपी वर्कर्स यूनियन ने ठेकेदारों पर दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। यूनियन ने ठेकेदारों से बाकी बचे मजदूरों दस लाख का दुर्घटना बीमा जल्द करवाने की मांग की है। ऐसा नहीं किए जाने पर दुर्घटना होने पर हानि होने पर बीमा राशि व मुआवजे की भरपाई संबंधित ठेकेदारों की जेब से करवाए जाने की चेतावनी दी है।

बीएसपी में 22 हजार हजार ठेका मजदूरों के गेट पास बनाए गए हैं। इनमें 19 हजार श्रमिक संयंत्र के अंदर और टाउनशिप में काम कर रहे हैं। बीडब्ल्यूयू की हुई बैठक में बीएसपी के श्रमिकों के शोषण और उनके बदतर स्थिति पर चर्चा हुई। सभी मजदूरों का दस लाख का बीमा करवाने का निर्णय लिया गया। यूनियन के अध्यक्ष उज्ज्वल दत्ता ने बताया कि संयंत्र में जब ठेका श्रमिक दुर्घटना के शिकार हो जाते है, तो मुवावजे को लेकर प्रभावित परिवार को कई दिक्कतों



का सामना करना पड़ता है। इसे देखते हुए बीएसपी वर्कर्स यूनियन ने बीएसपी प्रबंधन के सामने सभी ठेका श्रमिकों का 10 लाख का बीमा करवाने की मांग रखी थी। इसके लिए दबाव भी बनाया। यूनियन के प्रयास से बीएसपी में सभी ठेका श्रमिकों का 10 लाख का बीमा करवाने का निर्णय किया गया है। इसका प्रीमियम मात्र 261/- रूपये सालाना है। इसका पालन करते हुए कुछ ठेकेदारों ने श्रमिकों का 10,00000/- रूपये का दुर्घटना बीमा करवाया है, और अभी तक 11,000 श्रमिकों का दुर्घटना बीमा करवाया जा चुका है। लेकिन मात्र चंद रुपए बचाने के लिए 8 हजार श्रमिकों का बीमा नहीं कराया है। बैठक में ऐसे ठेकेदारों को चेतावनी दी गई है कि वे जल्द अपने ठेका श्रमिक का दुर्घटना बीमा करवा ले। ऐसा नहीं किए जाने पर दुर्घटना होने पर जनहानि या किसी प्रकार की हानि होती है तो इसके लिए ठेकेदार इसके लिये स्वयं जिम्मेदार होंगे। मुवावजे और बीमा की रकम का पाई पाई भुगतान उनको अपनी जेब से करना होगा।

### बढ़ी हुए एडब्ल्यूए का भुगतान करें

सबकमेटी की बैठक में मजदूरों की एडब्ल्यूए का राशि बढ़ाए जाने का निर्णय हुआ था। लेकिन बीएसपी में अब तक उन्हें एडब्ल्यूए की राशि का भी भुगतान नहीं किया जा रहा है। उज्जवल दत्ता ने बताया की यूनियन द्वारा जल्द भुगतान कराने की मांग की गई। कई मजदूरों ने शिकायत में बताया कि ठेकेदार श्रमिकों के खाते में वेतन जमा करता है जिसमें से 3 हजार वापस ले लेता है। बहुत से ठेकेदार श्रमिकों के पासबुक तथा एटीएम कार्ड अपने पास रख लेते हैं, जिसका मजबूरी में मजदूर काम से हटा देने की धमकी के डर से विरोध नही कर पाते हैं। बैठक में महासचिव खूबचंद वर्मा, शिवबहादुर सिंह, सहित अमित बर्मन, सुरेश सिंह, मनोज डडसेना, प्रदीप सिंह, विमल पांडे, आलोक सिंह, कृष्णमूर्ति, राजकुमार सिंह आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

# क्रेशर खदान में नियमों का पालन नहीं, थमाई नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

ग्राम डूमरडीहकला में पत्थर खदान के पास क्रेशर संचालन की शिकायत अब पर्यावरण संरक्षण मंडल में की गई है। राजनांदगांव के ग्राम डुमरडीह में पिछले लंबे समय से नियमों को ताक पर रखकर क्रेशर प्लांट का संचालन किया जा रहा है। जिसकी शिकायत पर्यावरण विभाग को मिलने के बाद संचालक को पन्द्रह दिन की नोटिस दी गई है।

मामले में लगातार राजनांदगांव जिला प्रशासन व खनिज विभाग से शिकायत हुई है। लेकिन समिति गठित होने के बाद भी संचालित क्रेशर खदान में जांच नहीं की गई। जांच टीम ने खदान का सीमांकन तक नहीं कराया है। इधर खदान के साथ क्रेशर मशीन का संचालन भी चालू है, जिससे निकलने वाले धूल से राहगीरों के साथ ग्रामीण परेशान है। शिकायतकर्ता विवेक कुमार शर्मा ने प्रशासनिक जांच नही होने पर भिलाई पर्यावरण विभाग में इसकी लिखित शिकायत की थी। शिकायतकर्ता विवेक शर्मा ने बताया कि, पंचायत से एनओसी नहीं होने के भी अवैध तरीके से स्टोन क्रेशर संचालन किया जा रहा है। यहां खसरा नंबर 106 में क्रेशर का संचालन हो रहा है, जो पूरी तरह अवैध है। पर्यावरण संरक्षण मंडल में खदान व क्रेशर संचालक निर्धारित मापदंड का पालन नहीं कर रहे हैं। जबकि नियमानुसार क्रेशर मशीन को ढककर रखना है। पानी का भी छिड़काव करना है, लेकिन इन नियमों का पालन नही हो रहा है।

### नोटिस जारी

“ डुमरडीहकला क्रेशर खदान की शिकायत मिली थी। संचालक को तय मापदंड के तहत संचालन के लिए नोटिस दिया गया है। इसके बाद कार्यवाही होगी।

**देवव्रत मिश्रा**
आरओ, पर्यावरण विभाग दुर्ग

### जिला चिकित्सालय में फेटल डॉप्लर उपलब्ध कराई गई

**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय के अंतर्गत मातृत्व शिशु विभाग के गयनिक प्रमुख और लेबर रूम की सिस्टर इंचार्ज ममता शर्मा को एक फेटल डॉप्लर जीवन दीप समिति के स्थाई सदस्य दिलीप ठाकुर द्वारा प्रदान किया गया है। मशीन गर्भस्थ शिशु के हृदय के धड़कन के अवलोकन हेतु महत्व पूर्ण और उपयोगी होता है। विदित हो की इसके पूर्व भी दिलीप ठाकुर द्वारा फेटल डॉप्लर मशीन उपलब्ध की गई थी। ये मशीन जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ. ए.के. साहू के हाथो से तत्संबंधित विभाग में सौपा गया। इस अवसर पर आरएमओ डॉ. ए.के. यादव, डॉ. आर.के. नायक, डॉ.संजय बालबेंद्रे जीवन दीप समिति के स्थाई सदस्य दिलीप ठाकुर मानद सदस्य प्रशांत डोंगावकर, डॉ. ममता पांडे, ममता शर्मा स्टोर इंचार्ज रमन गंधर्व उपस्थित थे।



## बीएसपी ने रेलवे को 350 हीट ट्रीटेड रेल की दूसरी रेक भेजी

**भिलाई।** सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र ने 260 मीटर लंबाई वाली 350 हीट–ट्रीटेड रेल की 1000 टन की दूसरी रेक भारतीय रेलवे को भेजी। रेलवे, हायर एक्सल लोड के साथ रेल परिवहन को और भी तेज करने के लिए आधुनिकीकरण की ओर अग्रसर है। इसके लिए भारतीय रेलवे की ओर से, सेल द्वारा उत्पादित माइक्रो–अलाय रेल और हीट–ट्रीटेड रेल दोनों की मांगों में बढोत्तरी हुई है।

बीएसपी छह दशकों से भी अधिक समय से भारतीय रेलवे की वांछित ग्रेड में रेल की मांगों को पूरा कर रहा है। संयंत्र अपने आधुनिक यूनिवर्सल रेल मिल से 130 मीटर वाली दुनिया की सबसे लंबी रेल बनाता है। साथ ही भारतीय रेलवे को 260 मीटर वेल्डेड रेल पैनल की भी आपूर्ति करता है। माइक्रो–अलाय रेल की आवश्यकता को पूरा करने के लिए, नए 60 ई–1 प्रोफाइल के साथ त–260 रेल का एक नया ग्रेड विकसित किया था। रेल के इस नए ग्रेड उत्पाद की मानक और विशिष्टताएं, बीएसपी द्वारा पूर्व में उत्पादित ग्रेड–880 या यूटीएस–90 रेलों की तुलना में अधिक है।

### घर्षण को कम करेगा

विशेष ग्रेड हीट–ट्रीटेड रेल, अभी भारत के दक्षिणी भागों में फील्ड परीक्षणों के अधीन है। कई बार एक्सल लोड अधिक होने के साथ साथ ट्रेनों की गति तेज और धीमी होने के परिणामस्वरूप, ट्रेनों के पहिये और पटरियों के बीच घर्षण अधिक होता है। रेल परिवहन के ऐसे हिस्सों में पहिये और पटरियों के बीच घर्षण को कम करने के लिए यह विशेष ग्रेड हीट–ट्रीटेड रेल सबसे उपयुक्त है।

## प्राण घातक हमला करने वाले पांच बाराती पुलिस गिरफ्त में



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

बराती बनकर पहुचे पांच युवक और एक अपचारी बालक मिलकर प्राणघातक हमला कर फरार हो गए थे। शिकायत के बाद पुलिस ने 6 आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि वार्ड 16 परसदा कुम्हारी निवासी रुपेश यादव पर प्राणघातक हमला करने वाले सिकोला बस्ती वार्ड 15 दुर्ग निवासी गिरीराज यादव, प्रशांत उर्फ दुबालू यादव, निखिल वर्मा उर्फ बॉबी, वार्ड 97 मोहरा दुर्गा चौक बसंतपुर राजनांदगांव वर्तमान में वार्ड 15 दुर्ग मुकेश मंडावी, तिरंगा चौक मोहन नगर वासू यादव और एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी युवकों ने रुपेश और उसके चचेरा भाई धर्मेन्द्र यादव पर हमला कर दिया। घटना में रुपेश को गंभीर चोट आई है। पकड़े गए आरोप बराती बनकर ग्राम मोहंदी से आए हुए थे। पीड़ित के रिश्तेदार जयराम यादव के यहां शादी समारोह था। घराती और बराती मिलकर डांस कर रहे थे। तभी धक्का मुक्की होने से बारात में शामिल होने आए युवकों ने विवाद करना शुरु कर दिया। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने अपने पास रखे हथियार से रुपेश पर हमला कर दिया। विवाद में बीच-बचाव करने पहुचे धर्मेन्द्र पर भी आरोपियों ने मारपीट कर फरार हो गए। घायलों को आसपास के लोगों ने उपचार के लिए अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया। शिकायत के बाद पुलिस ने पांच युवक और एक अपचारी बालक को पकड़ लिया है।

■ एक अपचारी बालक भी शामिल है

## विश्व पृथ्वी दिवस पर सेक्टर 6 में पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस पर टाउनशिप के सेक्टर–6 क्षेत्र में पौधारोपण किया गया। मुख्य महाप्रबंधक डीएल मोइत्र, उमा कटोच, के प्रवीण और उप महाप्रबंधक विष्णु पाठक, डां. एन के जैन बी अनुराधा आदि उपस्थित थे। श्री मोइत्र ने कहा कि टाउनशिप के कर्मचारियों और नागरिकों को धरती की रक्षा के लिए मिलकर काम करने का आह्वान करते हुए कहा कि सभी नागरिक अपने छोटे–छोटे प्रयासों जैसे प्लास्टिक के उपयोग से बचना, पेड़ लगाना, कचरा कम फैलाना आदि के माध्यम से जलवायु परिवर्तन को रोकने में अपना योगदान दे सकते हैं। उल्लेखनीय है बीएसपी ने अपने स्थापना काल से ही पर्यावरण एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। बीएसपी ने अपने संयंत्र परिसर, टाउनशिप और खदानों में 50 लाख से अधिक पेड़ लगाए हैं। इसके अतिरिक्त अपने सीएसआर पहल के तहत सड़क किनारे पौधारोपण प्रयासों में भी योगदान दिया है।

# भिलाई संयंत्र में लोको डिरेल, तीन डिब्बे पलटे

## टली दुर्घटना, कोई हताहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



भिलाई इस्पात संयंत्र के लोको यार्ड में एक बड़ी दुर्घटना होते होते बच गई। अधिक स्पीड से जा रही एक खाली लोको के डिरेल होने से तीन डिब्बे पलट गए। घटना में लोको पायलट बाल बाल बच गया।

बीएसपी के अंदर टीएंडडी के टीटी यार्ड में अचानक एक माल गाड़ी डिरेल हो गई। शनिवार को लोको लोडिंग के लिए जा रही थी। ट्रैक चेंज करने के दौरान अचानक लोको अनियंत्रित होने से आगे डेड एंड से चकराकर पलट गई। बताते हैं कि लोको के तीन खाली डिब्बे जमीन पर पलट गए। घटना स्थल पर किसी कर्मचारी के नहीं होने से कोई हताहत नहीं हुआ। लोको पायलट भी बैक में बैठे होने से बाल बाल बच गया। डिरेल हुए तीनों डिब्बों को क्रेन से हुकिंग कर ट्रैक पर लाया गया। बीएसपी में लोको पायलट आउडसोर्सिंग पर हैं।

## सेक्टर एक चौक पर बना सियान चौपाल

# बुजुर्गों को अनुभव साझा करने अब भटकने की जरुरत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अब टाउनशिप में फुरसत के लम्हों में साथियों के साथ सुख दुख बांटने के लिए भटकने की जरुरत नहीं है। शाम गुजारने के लिए सेक्टर 1 चौक पर बस स्टाप की तर्ज पर सियान चौपाल का निर्माण किया गया है। इस पहल से सियानों में हर्ष है।

टाउनशिप के सेक्टर एक में रिटायर लोगों की संख्या सर्वाधिक है। समूहों में बुजुर्ग वर्षों से शाम को हवाखोरी के लिए टहलते हुए सुस्ताकर बतियाने के लिए चंद्रा मौर्या अंडरब्रिज सेक्टर एक चौक पर बैठ रहे हैं। वहीं कुछ लोग सड़क




किनारे वाकिंग करते ठीये की तलाश में भटकते रहते थे। ऐसे बुजुर्गों के लिए अब सेंट्रल एवेन्यू सेक्टर एक चौक पर सियान चौपाल का निर्माण किया गया है। वे यहां बैठकर बड़े आराम से अपने अनुभवों को साझा करते हुए रिलेक्स हो सकेंगे। बस स्टाप की तरह स्टील से नवनिर्मित सियान चौपाल आकर्षक होने के साथ आराम से बैठने की सुविधा भी है। अंदर लोहे की चार बेंचें भी हैं।भी धूप और बारिश से बचने ऊपर शेड है। इसके बन जाने से अब बुजुर्ग सुकून से यहां बैठ आपस में बोल बतिया सकते हैं। सियान चौपाल के निर्माण होने से क्षेत्र के सियानों ने खुशी जाहिर करते हुए नगर निगम, बीएसपी व समाज सेवी संगठनों से अन्य सेक्टरों में भी प्रमुख चौरहों पर इसी तरह सियान चौपाल निर्माण कराए जाने की अपील की है। टाउनशिप में बुजुर्गों की एक बड़ी तादाद है। बीएसपी से हर महीने पच्चीसों कर्मचारी अधिकारी रिटायर हो रहे हैं।

# बिल्डर ने कलेक्टर को दस्तावेज सौंपकर मांगा न्याय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के पास भिलाई के बिल्डर योगेश पांडेय ने न्याय की गुहार लगाई है। उसने कहा कि कुछ जमीन दलाल किसानों को आगे कर उन्हें ब्लैकमेल कर रहे हैं। गृहमंत्री से उनके खिलाफ शिकायत कराई गई है। योगेश ने कलेक्टर से कहा कि वो आरआई पटवारी से जमीन की नाप कराएं और एक इंच भी किसान की जमीन उनके पास निकले, तो वो उसे सहर्ष लें, लेकिन उन्हें ब्लैकमेल होने से बचाएं।

इस समय चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज के शासकीय होने के बाद से कुरूद क्षेत्र की जमीन पर भू-माफियाओं की खासी नजर है। वे लोग कुरूद के भोलेभाले किसानों को झांसे में लेकर कुनकी जमीन औने-पौने दाम में खरीद रहे हैं। इसके बाद उनके पूरे हिस्से पर अपना हक जमाकर जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। ऐसे में यहां बिल्डर और भू-माफियाओं के बीच विवाद गहराता जा रहा है। कुछ दिन पहले इसी तरह का एक मामला गृहमंत्री विजय शर्मा के पास पहुंचा था। कुरूद गांव के किसानों ने आरोप लगाया कि उनकी जमीन पर बिल्डर योगेश पांडेय ने कब्जा कर लिया है। जैसे ही ये मामला मीडिया में सामने आया, योगेश पांडेय कलेक्टर के पास पहुंचे और पूरी बात बताई।



### किसानों को दूंगा भू-माफियाओं को नहीं

महावीर डेवलपर्स के संचालक योगेश पाण्डेय ने बताया कि उन्हें भू-माफिया अजहरुद्दीन उर्फ अजहर अंसारी, रहीम और विनय प्रसाद मिलकर ब्लैकमेल कर रहे हैं। वे उनसे पैसों की मांग कर रहे हैं। पैसे नहीं देने पर किसानों को आगे कर उनके खिलाफ कार्रवाई कराने की धमकी दी जा रही है। वहीं योगेश का कहना है कि उसने कलेक्टर से कहा है कि वो उनकी जमीन का सीमांकन फिर से करवा लें। अगर किसान की एक इंच भी जमीन निकल रही है, तो वो सहर्ष उन्हें वापस कर देंगे, लेकिन ऐसे जमीन दलालों और भू-माफियाओं को एक फूटी कौड़ी तक नहीं देंगे।

### बंदोबस्त त्रुटि के चलते बढ़ा किसानों का रकबा

योगेश पाण्डेय ने बताया कि जिस जमीन को लेकर किसान रोहिस साहू, राजेंद्र साहू और अशोक साहू ने शिकायत की है, उसका सीमांकन कई बार हो चुका है। उन किसानों की जमीन पटवारी नक्शे के मुताबिक मौके पर केवल 80 डिसमिल है, जबकि बंदोबस्त त्रुटि के चलते रिकॉर्ड में जमीन का रकबा एक एकड़ 60 डिसमिल दिख रहा है। योगेश पांडेय ने बताया कि कुरूद गांव के दो किसानों को कुछ जमीन दलाल मोहरा बनाकर उनके खिलाफ साजिश कर रहे हैं। जिन किसानों ने उनके ऊपर आरोप लगाया है, वो अपनी जमीन पहले ही बेच चुके हैं। उस जमीन पर प्लॉट काटकर कईयों को बेचा भी जा चुका है। जिन भू-माफियाओं ने वो जमीन खरीदी है, वे उन किसानों की जमीन को और अधिक बताकर योगेश को उसकी जमीन पर बाउंड्रीवॉल नहीं बनाने दे रहे हैं। उन्हें ब्लैकमेल कर पैसों की डिमांड की जा रही है।

## खबर संक्षेप



### पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**गुरूर।** स्थानीय पुलिस एवं सुरक्षा बलों के द्वारा चुनाव के पूर्व नगर में फ्लैग मार्च निकाल कर आचार संहिता का पालन करने एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने संदेश दिया है।

### सेजेस विद्यालय घोटिया में हुआ पौधारोपण



**बालोद।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर सेजेस विद्यालय घोटिया में पौधारोपण किया गया। इको क्लब प्रभारी एनके यदु ने आह्वान किया है कि गर्मी प्रतिवर्ष बढ़ता जा रहा है। पर्यावरण को बचाने के लिए अपने जन्मदिन पर, वैवाहिक वर्षगांठ, वैवाहिक बंधन, जन्मोत्सव, अंत्येष्टि कार्यक्रम पर पौधारोपण करना चाहिए। जिससे तापमान नियंत्रित रहे। पशु पक्षियों व अन्य जीव जंतुओं को आश्रय मिले। आक्सीजन देने वाले पौधे बरगद, पीपल, नीम, आम, इमली व फलदार पौधे का रोपन करे। वैवाहिक बंधन में पौधे भेंट कर लोगों को जागरूक करने की प्रयास करें। इस अवसर पर शाला परिवार से इको क्लब प्रभारी एनके यदु, व्यायाम शिक्षक आर. बेलचंदन, जेके यादव, एचएल सहारे, वाई सुधाकर, बी. अंजुम, के. कृषा, वाई देवांगन, पी. मानकर, एनडी साहू, परमेश्वर, रवि आर्य, एस ठाकुर, कामेश पोटाई, जितेन्द्र गुप्ता, शशांक संतोषवार, पी. कविता, नीता साहू, हेमलता साहू, मीतारानी साहू, खिलेश्वरी दर्रो, दामिनी तारम व छात्र उपस्थित थे।

### सोनमणि बने आदिम जाति विभाग के प्रमुख सचिव

**रायपुर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा 1999 बैच के अधिकारी सोनमणि बोरा की छत्तीसगढ़ में वापसी हुई है। वे पिछले कुछ वर्षों से केंद्र सरकार की प्रतिनियुक्ति में सेवाएं दे रहे थे। राज्य में वापसी के बाद प्रदेश सरकार ने उन्हें नई पदस्थापना का आदेश जारी किया है।

## पर्व : जामगांव आर में हुआ हवन-पूजन, भंडारे का आयोजन

# श्रद्धा से मना संकटमोचन हनुमान का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जामगांव आर

संकट मोचन हनुमान मंदिर बाजार चौक जामगांव आर में हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन 18वां वर्ष संपन्न हुआ। ध्वजारोहण, अभिषेक, पूजा-हवन पूर्णाहुति के बाद भक्तों में महाप्रसादी का वितरण किया गया। रात्रि में हार्दिक व्यास राजनांदगांव की संगीतमय भक्ति में भक्त थिरकते रहे। कानूनी सुव्यवस्था की दृष्टि से जामगांव आर टीआई अंबिका प्रसाद ध्रुव स्टॉफ सहित उपस्थित थे।

महोत्सव में दुर्ग, भिलाई, रायपुर, धमतरी, बेमेतरा, कोरर, संबलपुर, बिरेतरा, बेलहारी, भखारा, रानीतराई, गुण्डरदेही, आमदी सहित दूर-दूर से भक्त आए। पूर्ण भक्ति भाव के साथ पूजन कर संकट मोचन हनुमान के शरणागत होकर सुकून भरे जीवन के लिए प्रार्थना की। व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने में पृथ्वीराज, लालचंद, राधेश्याम शांतिलाल, मुरलीधर राठी परिवार ने योगदान सराहनीय रहा। मुख्य यजमान मुरलीधर राठी सुनीता राठी ने यज्ञ हवन किए।







### बजरंग दल ने किया भंडारा

**गुरूर।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बजरंग दल गुरुर के द्वारा नगर में भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें अध्यक्ष बंटी गंजीर, उपाध्यक्ष देवेश सिन्हा, सदस्य रविकांत देशमुख, अनमोल ओझा, मनंत गंगेबर, चैतन्य टुवानी, जलज साहू, तुसार साहू, डोनल साहू, ललित साहू, निखिल टेके, नेहल नरेटी उपस्थित थे।



### भक्त और भगवान का गहरा नाता होता है

श्री राठी ने कहा कि श्रद्धा और पूर्ण विश्वास के साथ जब कोई भक्त संकट मोचन राम भक्त हनुमान के दरबार में शरणागत होता है तो संकट मोचन हनुमान भक्तों के संकट हरते हैं और सुकून भरे जीवन के लिए राह दिखाते है। भक्त और भगवान का गहरा नाता होता है यह धार्मिक इतिहास के पन्नो में अंकित है।

### भंडारा में भक्तों ने पाई प्रसादी

हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भंडारा का भव्य आयोजन रखा गया जिसमें सैकडों भक्तों ने पेटभर प्रसादी ग्रहण किया। नरेश केला ने भंडारा में कहा कि सामान्य भोजन से हटकर स्वादिष्ट होता है भगवान की प्रसादी भोजन, इसका स्वाद ही अलग होता जो भक्तो के तन के साथ मन को तृप्त करता है। भंडारे में सब एक साथ मिलजुलकर प्रसादी पाते है, भंडारा में नरेश केला, उज्ज्वल केला, राधेश्याम राठी, अंगेश्वर साहू, जितेंद्र साहू, गंगा साहू, पूजा केला, चंद्रकैलाश वैद, सुरेश जैन, प्रेमचंद चोरड़िया, बुधारू डेनिश, निखिल साहू, गंगा, जितेंद्र साहू, आशीष, जिलोखन चंद्राकर का सराहनीय सेवा रहा।

## निर्वाचन प्रक्रिया की विस्तार से दी गई जानकारी

# अधिकारियों ने परखी निर्वाचन की तैयारियां स्ट्रांगरूम पाकुरभाट में किया गया मॉकड्रील

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार बालोद जिले में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 26 अप्रैल को संपन्न होने वाले मतदान प्रक्रिया को निर्विघ्न एवं सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए आज स्ट्रांग रूम लाईवलीहुड कॉलेज पाकुरभाट में मॉकड्रील आयोजित की गई।

इस दौरान प्रशिक्षकों एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को संपूर्ण प्रक्रियाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को स्ट्रांग रूम पाकुरभाट में मतदान तिथि के एक दिन पूर्व 25 अप्रैल को सुबह मतदान सामग्री प्राप्त करने तथा मतदान तिथि 26 अप्रैल को मतदान संपन्न होने के पश्चात मतदान सामग्रियों की वापसी सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े विभिन्न प्रक्रियाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान मतदान कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के सहयोग एवं आवश्यक जानकारी प्रदान करने के लिए जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों के लिए 01-01 हेल्पलाईन डेस्क बनाए जाने की भी जानकारी दी गई है।



### सुरक्षा व्यवस्था का भी लिया जायजा

मॉकड्रील के दौरान सहायक एआरओ, एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सेक्टर अधिकारी, निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारियों ने मंगलवार को लाईवलीहुड कॉलेज पाकुरभाट स्थित स्ट्रांग रूम में पहुँचकर निर्वाचन कार्य से जुड़े अंतिम तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम में अधिकारी-कर्मचारियों के प्रवेश द्वार, सुरक्षा में तैनात पुलिस एव अर्धसैनिक बलों के लिए निर्धारित स्थान, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था, वेब कास्टिंग के लिए निर्धारित स्थल आदि का बारिकी से मुआयना किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को स्ट्रांग रूम में सुरक्षा आदि की चाक-चौबंद व्यवस्था के अलावा अन्य सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान एआरओ एवं अधिकारियों ने लाईवलीहुड कॉलेज में मतदान दलों के सामग्री वितरण के मॉकड्रील का भी अवलोकन किया। इस दौरान जिले के लोकसभा क्षेत्रों के लिए बनाए गए सामग्री वितरण केंद्र के अलावा मतदान सामग्री प्राप्त करने एवं जमा करने के लिए आने वाले मतदान कर्मियों के भोजन एवं जलपान व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### सुरक्षा बलों का शहर में हुआ फ्लैग मार्च





**बालोद।** सुरक्षा बल द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के संपन्न कराने में फोर्स की अहम भूमिका होती है, जिसके तारतम्य में बालोद में आए पैरामिलिट्री फोर्स को क्षेत्र के संबंध में जानकारी देकर नगर बालोद में फ्लैग मार्च निकाला गया। जो बस स्टैंड, परशुराम चौक, जय स्तंभ चौक, घड़ी चौक, हलदर चौक, मधु चौक, जय स्तंभ चौक से होते हुए दल्ली चौक में समाप्त हुआ।

फ्लैग मार्च में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोद अशोक कुमार जोशी, एसडीओपी बालोद देवांश सिंह राठौर, थाना प्रभारी बालोद रवि शंकर पांडे एवं सीआरपीएफ के 150 अधिकारी व जवान उपस्थित थे। इस दौरान प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत कैंडल मार्च में भी जवानों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

# सोसायटी का चावल लेने क्षेत्र में दलाल सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

शासन द्वारा कोई भी व्यक्ति भूखा ना सोए के लक्ष्य के साथ प्रति व्यक्ति अनुरूप चावल प्रदान किया जा रहा है। लेकिन वर्तमान में लोग शासन द्वारा प्रदान चावल को खाने के जगह उसे बेचने में लगे हुए है। चांवल दलाल ब्लाक में सक्रिय है, वे 20 से 25 रुपए किलो में ग्रामीणों से चांवल खरीद रहे है। मिली जानकारी के अनुसार एक वर्ग शासन से प्राप्त चावल को मोटा चावल होने के कारण नही खाना चाहते इसलिए शासन से प्राप्त चावल को वे बेच देते है। कुछ सालों पूर्व में जहां देखा जाता था कि लोग धान कटाई के बाद घर में कोठी बनाकर धान को कोठी में रखते थे तथा समय-समय पर धनकुट्टी में जाकर धान कुटाकर चावल प्राप्त करते थे। लेकिन अब शासन द्वारा दिए जा रहे चावल के वजह से अधिकांश लोग धान कटाई के बाद सभी धान बेच देते हैं तथा कोठी में धान नही रखते। जिसके कारण वर्तमान समय में धनकुट्टी जैसे छोटे मील बंद होने के कगार पर है और कई तो बंद भी हो चुके है। वर्तमान में स्वरोजगार करते हुए कई लोग दैनिक सामान लेकर ईरिक्सा के माध्यम से गांव गली में सामान बेचते नजर आ ही जाते हैं। उनमें बहुसंख्यक लोग ग्रामीणों से चांवल खरीदने का कार्य भी करते है, मिली जानकारी के अनुसार यह लोग चावल को राईस मिलों में बेच देते है। वहीं पूर्व में ऐसे बहुत कम मामले देखने को मिलता था कि लोग कोटा से प्राप्त चावल को बेच देते थे, लेकिन यह अब आम होता जा रहा है।

- 20 से 25 रुपए प्रतिकिलो की दर से बेच रहे ग्रामीण

# मुंदेरा पहुंचे एसडीएम, ग्रामीणों को मतदान के लिए किया राजी



**बालोद।** जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम मुंदेरा के ग्रामीण लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदान दिवस पर उत्साह के साथ मतदान कर, लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी गुण्डरदेही सुरेश साहू ने ग्राम पंचायत मुंदेरा में ग्रामीणों के साथ बैठक कर उन्हें मतदान के महत्व की जानकारी देते हुए मतदान तिथि 26 अप्रैल को शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों ग्राम मुंदेरा के ग्रामीणों ने ग्राम में विकास कार्यों को लेकर एसडीएम गुण्डरदेही के समक्ष ज्ञापन प्रस्तुत किया था। इस दौरान एसडीएम गुण्डरदेही ने इस संबंध में ग्रामीणों से चर्चा कर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन भी दिया था। आज आयोजित बैठक के पश्चात ग्रामीणों ने मतदान तिथि 26 अप्रैल को शत प्रतिशत मतदान करने का आश्वासन दिया है।

### जामगांव आर में राहगीरों को बांटी गई शरबत



**जामगांव आर।** केला राइस मिल जामगांव आर परिसर स्थित हनुमान मंदिर में जन्मोत्सव के पावन अवसर पर पूजा अर्चना की गई। उसके बाद बस स्टैण्ड चौक पर राहगीरों को शीतल शरबत पिलाया गया। नन्ही बालिका राशि केला ने अपने हाथों से शरबत का गिलास लोगों को देते हुए आनंदित होती रही। इस अवसर पर नरेश केला, भारत निर्मल, संतोष साहू, राजू साहू, भोला साहू, मनीष जैन, उज्ज्वल केला, अंगेश्वर साहू, प्राणनाथ साहू, युधिष्ठिर चंद्राकर, शेष चंद्राकर उपस्थित रहे। यजमान नरेश केला ने कहा कि भक्त शिरोमणि हनुमान भक्तों के लिए रोल माडल हैं।

# औषधीय मूलक पेड़ों की धड़ल्ले से कटाई-परिवहन करा रहे तस्कर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद/सिकोसा

क्षेत्र में सक्रिय तस्करों द्वारा खुलेआम औषधीय मूलक पेड़ों की धड़ल्ले से कटाई कर रहे हैं। विदित हो कि खेत के मेड़ पर कहुआ (अर्जुन) को शासन ने औषधीय मूलक पेड़ घोषित किया है। इसकी कटाई, बिक्री या परिवहन के लिए किसान या व्यापारी को कलेक्टर से अनुमति लेना होता है। बावजूद विकासखंड मुख्यालय के सामने से प्रतिबंधित पेड़ों को काटकर ढुलाई का खेल निरंतर जारी है। प्रतिबंधित पेड़ों की अवैध कटाई और ट्रैक्टरों से बिना ट्रांजिट पास के परिवहन किया जा रहा है। कहुआ ईमारती लकड़ी होने के कारण बाजार में इसकी डिमांड ज्यादा है। चिकना और लंबाई के साथ सीधा होने वाले कहुआ के पेड़ों से मनचाहे फर्नीचर तैयार होता है। प्रतिबंधित होने के कारण पेड़ की बिक्री भी महंगे दामों में होती है।



### खुलेआम आरा मिलों में पहुंचाते हैं लकड़ी

विकासखंड मुख्यालय में लकड़ी तस्कर मशीनों से हरे-भरे प्रतिबंधित पेड़ों की कटाई करके वाहन में भरकर मुख्य मार्गो से आरा मिलों में पहुंचा रहे हैं। गुण्डरदेही वन मंडल परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नहर खपरी, कसोंदा, देवरी, सरेखा, अर्जुनी, नहदा, भरदा, डंगनिया परसदा, रनचिराई, पसोद हल्दी, सलोनी, भटागाव, मूदेरा के खेत, मैदानों में कहुआ के पेड़ की अवैध कटाई हो रही है। इन गांवों में तस्करों ने एजेंट सक्रिय कर रखा है जो कि ग्रामीणों से सौदा कर पेड़ों की कटाई करा रहे है।

### कार्रवाई की गई

डिप्टी रेंजर सुरेश कुमार जैन ने बताया तीन 407, 409 की गाड़ी पर कार्यवाही की गई है, बाकी जानकारी जिला कार्यालय रेंजर से ले सकते हैं।

# रानी सती दादी के मंगल पाठ में बड़ी संख्या में जुटे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▸▸| थान खमरिया

नगर के भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी के निवास में जोशी परिवार एवं अग्रवाल समाज की महिलाओं की उपस्थिति में रानी सती दादी का मंगल पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्याम मित्र मंडली भाटापारा के सानिध्य में किया गया। समिति के प्रमुख हरगोपाल शर्मा ने मंगल पाठ के दौरान बताया कि रानी सती दादी मां की महिमा का वर्णन आपने बताया कि महाभारत काल से शुरू होती है। नारायणी की अभिमन्यु से विवाह की इच्छा और अगले जन्म में सती होने की इच्छा भगवान कृष्ण के वरदान के अनुसार अपने अगले जन्म में वह राजस्थान के डोकवा गांव में गुरसमल की बेटी के रूप में पैदा हुई। रानी सती का वास्तविक नाम नारायणी बताया जाता है। एक युद्ध के दौरान सती के पति की मौत हो जाती है। धीरे-धीरे लोग उन्हें आदिशक्ति के रूप में जानने लगे। रानी सती मंदिर भारत के राजस्थान राज्य के झुंझुनू में स्थित भारत का सबसे बड़ा मंदिर है। आगे हर गोपाल जी ने पाठ के माध्यम से बताया रानी सती जिन्हें नारायणी देवी के नाम से जाना जाता है। जो 13वीं और 17 वीं की शताब्दी के बीच रही और अपने पति की मृत्यु के बाद सती हो गईं।



### झुंझुनू में हर साल भादो मास की अमावस्या को लगता है मेला

आगे उन्होंने बताया कि झुंझुनू के प्रसिद्ध रानी सती मंदिर में हर साल मेले का आयोजन किया जाता है जो पूरे देश में प्रसिद्ध है । यह मेला प्रतिवर्ष भादो मास कीअमावस्या के दिन लगता है। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं । मेले के दौरान भक्तों के द्वारा नारायणी देवी को चूनरी चढ़ाई जाती है और उनका सिंगार किया जाता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बलदेव जोशी, नथमल जोशी ,नंदकिशोर जोशी, ऋषि जोशी , विष्णु जोशी , बंटी जोशी ,डॉक्टर आर पी शर्मा राकेश जोशी ,श्रीकांत जोशी,भाजपा मंडल महामंत्री राजेश ठाकुर श्रवण सिंघानिया अनिल सिंघानिया महेंद्र सिंह विर्दी,चंद्र प्रताप बेश , सुरेश सिंघानिया ,मुन्ना सिंघानिया सुरेंद्र सिंघानिया ,मुकेश सिंघानिया अतुल सिंघानिया ,राहुल छाबड़ा, कालू जोशी ,आदर्श जोशी ,नर्सिंग केडिया, सुमित केडिया ,डॉक्टर गोविंद शर्मा एवम बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे ।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD| मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्राव मासिक| इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### प्रेस क्लब को भेंट किया नया वाटर कूलर

**रायपुर।** भगवान महावीर के 2623वें जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में विमल महिला मंडल भैरव सोसाइटी ने रायपुर प्रेस क्लब को नया वाटर कूलर भेंट किया है। वॉटर कूलर का उद्घाटन रविवार को प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, भगवान महावीर जन्म कल्याणक समिति के अध्यक्ष जितेंद्र गोलछा, सदस्य अमर बरलोटा, कांग्रेस नेता कन्हैया अग्रवाल, विमल महिला मंडल भैरव सोसाइटी की अध्यक्ष हर्षिता टाटिया और सदस्यों ने किया। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान विमल महिला मंडल की सदस्यों ने नारे व जयकारों के माध्यम से भगवान महावीर के संदेशों से अवगत कराया। इस अवसर पर महिला मंडल से प्रिया लोढ़ा, कोकिला सुराना आदि मौजूद रहे।

### मतदान जागरूकता, निकाली मेगा कार रैली



**रायपुर।** इनरव्हील क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर ने रविवार को सरकार द्वारा संचालित मेगा कार रैली में हिस्सा लिया तथा लोगों को वोटिंग के प्रति जागरूक किया। भारतीय चुनाव आयोग की तरफ से सौ फीसदी मतदान के लिए विशेष उपाय किए जा रहे हैं। जहां लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर गौरव सिंह ने सभी को अवगत कराया कि गर्मी को देखते हुए वोटिंग की समयसीमा भी बढ़ाई गई है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग अपने मत का प्रयोग कर सकें। कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्ष पुष्पा मालवीय, पूर्व अध्यक्ष शारदा सिंह एवं अन्य सदस्य प्रियंका मिश्रा, रुचिता राव, डॉ. अनामिका सिंग, डॉ. रितु जैन इत्यादि भी उपस्थित थे।

### मेगा समर कैंप 1 मई से पोस्टर का किया विमोचन



**रायपुर।** यूनियन क्लब एवं सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा 1 मई से 15 जून तक मेगा समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस समर कैंप में 8 से 18 साल आयु वर्ग के भाग ले सकते हैं। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ एवं यूनियन क्लब के अध्यक्ष गुरुचरण होरा ने बताया कि मेगा समर कैंप मोतीबाग चौक यूनियन क्लब में आयोजित किया जा रहा है, जिसका पोस्टर विमोचन संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर सांसद सुनील सोनी, विधायक पुरंदर मिश्रा, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी ,छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत अध्यक्ष महेश दरयानी, शंकर नगर पंचायत मुखी मुरली केवलानी एवं सतीश छुगानी के अलावा विक्की लोहाना, नितिन कृष्णानी, जीतेंद्र मलघानी, दीपक रामनानी, संजीव जसवानी आदि शामिल थे।




## पर्व : पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद, किया भंडारे का आयोजन

# देवकर में श्री हनुमान जन्मोत्सव की रही धूम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| देवकर

नगर पंचायत देवकर सहित पूरे तहसील क्षेत्र में सुबह से ही श्रद्धालु हनुमान जी की वंदना व पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में पहुंचे। हनुमान जन्मोत्सव न सिर्फ नगर देवकर मुख्यालयों में मनी बल्कि जन्मोत्सव को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी विशेष उत्साह दिखा।

शुभ मुहूर्त में भक्तों द्वारा शौर्य और साहस के प्रतीक माने जाने वाले श्री हनुमान जी की पूजा-अर्चना की। भक्तों ने पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करते हुए हनुमानजी की मूर्ति पर गुलाब की माला, चोला और सिंदूर लगाकर मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की। मिथुन कुंजमा, ललित मरकाम, किशोर कुंजाम, कृष्ण कुंजाम, नरेश कुंजाम, आशुतोष मरकाम, चेतन कुंजाम, पुरुषत्तम कटारे, निलेश कुंजाम, भावेश, गोपाला, करण, गिरधर, हेमंत निषद, हनी, डुगगु सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।





### श्री हनुमान जन्मोत्सव में कलेक्टर-एसपी हुए शामिल



**बेमेतरा।** हर साल चैत्र शुक्ल की पूर्णिमा तिथि पर नगर में श्री हनुमान जन्मोत्सव को बड़े उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संयुक्त जिला कार्यालय एवं कलेक्टोरेट बेमेतरा में हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया और सभी ने संकटमोचन से अपने परिवार की खुशहाली की कामना की। सुबह से ही हनुमान जयंती के अवसर पर मंदिर में हवन, पूजापाठ साथ ही भक्तजनों को मंदिर में भंडारा, प्रसादी वितरण किया गया । इस अवसर पर कलेक्टर रणबीर शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू भी मंदिर पहुंचे और संकटरमोचन की पूजा-अर्चना की एवं जिलेवासियों की सुख, समृद्धि तथा खुशहाल जीवन की कामना की।



# चुनावी तैयारियों का करें पुनः निरीक्षण : कलेक्टर

- कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई जिला अधिकारियों की बैठक

**बेमेतरा।** कलेक्टर रणबीर शर्मा ने मंगलवार को जिला अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने लोकसभा निर्वाचन के लिए ज़िले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में मतदान केंद्रों और आदर्श मतदान केंद्र सहित डाक मतपत्र आदि की जानकारी ली। बैठक में सीईओ ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर एवं उप ज़िला निर्वाचन अधिकारी गुड्डू लाल जगत, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, तीनों विधानसभा क्षेत्र के एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के ज़िला अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों से कहा कि अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों में जाकर मूलभूत सुविधाओं को एक बार और चेक करें। कोई कमी हो तो उसे पूरा कर लें। उन्होंने निर्वाचन ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारी ईडीसी (इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट) फार्म वितरण की भी जानकारी ली । डाक मतपत्र नोडल श्रीमती दिव्या पोटाई ने निर्वाचन कर्तव्य (ड्यूटी ) पर तैनात अधिकारी-कर्मचारियों एवं अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं के डाक मतपत्र से मतदान करने और बनाये गये सुविधा के केंद्र से अवगत कराया। श्रीमती पोटाई ने जानकारी देते हुए बताया कि पांच सुविधा केंद्र बनाये गये है। इन सुविधा केंद्रों के लिए प्रभारी अधिकारी भी बनाये गये है। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सभी स्वस्थ्य केंद्रों में समय पर स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारी रहे और पर्याप्त मात्रा में दवाईयां और चिकित्सकीय उपकरण रखने कहा।

# ज्योतिर्मयानंद ने ली दंड संन्यास दीक्षा आज आश्रम आगमन पर होगा स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्रीअविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती जी महाराज ने शिवगंगा आश्रम सपाद लक्षेश्वर सलधा के ब्रम्हचारी ज्योतिर्मयानंद जी को कांशी गंगा किनारे में विद्या मठ में दंड संन्यास की दीक्षा दी है।

दीक्षा उपरांत दण्डी स्वामी श्रीमज्ज्योतिर्मयानदः सरस्वती महाराज के नाम से जाने जाएंगे। दंड संन्यास की दीक्षा लेने के उपरांत स्वामी जी परमहंसी आश्रम रवाना हुए। वहां पर ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती के समाधि दर्शन करेंगे एवं गुरु से आशीर्वाद लेकर जिला मुख्यालय के समीप ग्राम सलधा स्थित शिवगंगा आश्रम सपाद लक्षेश्वर धाम के रवाना होंगे। आज 24 अप्रैल बुधवार को संध्या 4 बजे ग्राम सलधा पहुंचेंगे। वहां से उनके अनुयायियों एवं शिष्यों द्वारा स्वागत सत्कार के पश्चात रथ द्वारा बाजे-गाजे के साथ ग्राम के महिलाएं कलशयात्रा लेकर शिवगंगा आश्रम सलधा के लिए रवाना होंगे। आश्रम में उनके अनुयायियों एवं शिष्यों तथा ग्रामीणों द्वारा स्वागत सत्कार किया जाएगा। यह जानकारी आश्रम के सदस्य लेखमणी पाण्डेय, नारद सिंह राजपूत, नटराज पटेल, गौतम चंद जैन, किशोर शर्मा, जितेंद्र शुक्ला, अनिल मिश्रा द्वारा दिया गया।

# लायन्स क्लब के अध्यक्ष बने सुरेंद्र छाबड़ा, डॉ. ताम्रकार बने सचिव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा







दी इन्टरनेशनल एसोसिएशंस ऑफ लायन्स क्लब के डिस्ट्रिक्ट 3233-सी के लायन्स क्लब बेमेतरा सिटी के नये सत्र के पदाधिकारियों का निर्वाचन हुआ। जिसमें छठवीं बार अध्यक्ष की बागडोर सुरेंद्र छाबड़ा संभालेंगे। वहीं डॉ. विनय ताम्रकार सचिव, कोषाध्यक्ष लायन शत्रुघ्न साहू पुनः निर्वाचित हुए हैं। निर्वाचन को लेकर लायन्स क्लब सिटी में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन सुधीर जैन ने मेल्विन जोन्स के फोटो पर माल्यार्पण कर, राष्ट्रध्वज की वंदना और राष्ट्रगान करने के बाद बैठक शुरू की। बैठक में सर्वसम्मति से सुरेंद्र छाबड़ा को छठवीं बार लायन्स क्लब बेमेतरा सिटी के अध्यक्ष निर्वाचित गया।

साथ ही लायन डॉ. विनय ताम्रकार को सचिव लायन्स क्लब बेमेतरा सिटी और कोषाध्यक्ष लायन शत्रुघ्न साहू को पुनःनिर्वाचित किया गया। लायन केशव मोटवानी को बोओडी मेंबर के रूप में नियुक्त किया गया। इस अवसर पर सभा सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को बधाई दिया गया। निर्वाचन प्रक्रिया में क्लब के सदस्य घनश्याम अग्रवाल, लूनकरण गांधी, लालचंद मोटवानी, दीपक हिरानी, लायन श्याम सिंह , लायन दिनेश कुमार पटेल, केशव मोटवानी, रश्मि ताम्रकार, ताराचन्द माहेश्वरी, कोमलचंद जैन, घासीराम वर्मा, पोषण सिंह ठाकुर, प्रकाश शीतलानी, लाल चन्द संतवानी उपस्थित रहे।

# पृथ्वी वेंटिलेटर पर छात्रों ने पेंटिंग-पोस्टर से दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



- पृथ्वी दिवस पर छात्रों ने पेंटिंग के माध्यम से व्यक्त की भावनाएं
- डीए मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में ऑनलाइन हुआ आयोजन

विश्व पृथ्वी दिवस पर डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में छात्रों ने थीम सांसे हो रही है कम, आओ पेड़ लगाये हम पर पृथ्वी दिवस मनाया। इस वर्ष 2024 का थीम है- 'प्लेनेट वर्सेज प्लास्टिक' इस थीम का उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करना और उसके ऑप्शन्स की तलाश पर जोर देना है।

ग्रीष्म कालीन अवकाश को ध्यान में रख विद्यालय प्रबंधन ने निर्णय लिया कि बच्चों को ऑनलाइन मोड के माध्यम से विभिन्न प्रतियोगिताओं व शिक्षा से जोड़े रखें। ऐसे में ऑनलाइन मोड पर पेंटिंग, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और पेंटिंग के जरिये अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। बच्चों ने यह संदेश दिया है की पर्यावरण से किये गए खिलवाड़ का नतीजा है आज पृथ्वी वेंटिलेटर पर है। छात्रों ने पेंटिंग के माध्यम से स्पष्ट संदेश दिया कि पृथ्वी वेंटीलेटर पर है।

### इन छात्रों ने लिया भाग

पेंटिंग-पोस्टर बनाकर सन्देश देने वाले छात्रों में कक्षा एलकेजी से हुमिषा साहू, कक्षा दूसरी से अनय गुप्ता, हिमांशु पुरैना, प्रणव मांडले, डिम्पल सिंहा, कक्षा तीसरी से मयंक, मुनिस्क, कक्षा चौथी से ओमेन्द्र केशरी, कक्षा पांचवी से गगन वर्मा हर्षित कुंभकार, निशांत,काव्य राज,पीयूष पटेल, कृष्णा जायसवाल, कक्षा छठवीं से रूपेश्वरी, मोनिका,कक्षा आठवीं से आयुष, लक्ष्मण चंद्राकर आदि सभी विद्यार्थियों ने अपने पेंटिंग्स से समाज मे एक संदेश देने की कोशिश किया हैं कि समय रहते हम पृथ्वी के प्रति जागरूक हो जाए। अन्यथा हमें आगे इसका दुष्प्रभाव बहुत भयानक ढंग से भुगतना होगा।

# हनुमान जयंती पर मंदिरों में हुए विविध कार्यक्रम



**बालोद।** मंगलवार भगवान हनुमान जी का विशेष दिन माना जाता है और इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव का पर्व मंगलवार को ही मनाया गया।

जिले भर के हनुमान मंदिरों में सुबह से देर शाम तक पूजा-अर्चना का सिलसिला चलता रहा। मंदिरों में सुबह से देर शाम तक हनुमान चालीसा का पाठ, सुंदरकांड पाठ सहित महाआरती और विभिन्न तरह के आयोजन किया गया। शहर में जगह-जगह स्थित हनुमान मंदिर में दर्जनों श्रद्धालु एक साथ हनुमान चालीसा का पाठ करते नजर आए। वहीं, शाम को बजरंग दल के सदस्यों द्वारा विशाल शोभायात्रा निकाली गई। कई जगहों पर महाप्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों हनुमान भक्तों ने भंडारा के माध्यम से प्रसादी ग्रहण किया।

